**नगर निगम, शाहजहाँपुर।**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक 14.07.2020**

- **नगर आयुक्त महोदय द्वारा ककरा काकर कुंड में शहीदो की स्मृति में बन रहे जैव विविधता पार्क में लगाये गये पौधो का निरीक्षण किया गया।**
- **नोवेल कोरोना वायरस–19 तथा जे0ई0/ए0ई0एस एवं अन्य वैक्टरजनित रोगो की रोकथाम,प्रभावी नियंत्रण के लिये 04 दिन से नगर निगम के क्षेत्रान्तर्गत चलाया जा रहा विशेष सफाई अभियान, सफाई कर्मचारी के साथ सभी नोडल अधिकारी/ कर्मचारियो की उपस्थिति में किया जा रहा है सफाई का कार्य।**

- नगर आयुक्त महोदय द्वारा जैव विविधता पार्क का निरीक्षण किया गया। ककरा काकर कुंड गर्रा नदी के किनारे 10 हेक्टयर क्षेत्रफल पर नगर निगम द्वारा शहीदो की स्मृति में जैव विविधता पार्क में गत सप्ताह लगाये गये 11 हजार पौधो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पौधो में उर्वर,खाद्य एवं पानी की व्यवस्था देखी। सभी पौधे सुरक्षित पाये गये। जैव विधिता पार्क में चल रहे निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया गया। नगर आयुक्त महोदय ने मुख्य अभियन्ता (सिविल) को निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराये जाने निर्देश दिया गया। प्रभारी अधिकारी उद्यान/सहायक अभियन्ता(जल) को पौधो की सुरक्षा हेतु आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। नगर मजिस्ट्रेट,सहायक नगर आयुक्त, मुख्य अभियन्ता (सिविल), सहायक अभियन्ता(जल) एवं उपस्थित रहे।.

- नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा आज दिनांक 14.07.2020 को अभियान के अन्तर्गत बन्द पड़ी लाईटो को सही कराये जाने हेतु, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने हेतु,खराब हैन्डपम्पो को रिबोर कराये, ,टंकियो तथा टैंकरो की सफाई करायी जा रही है। जलापूर्ति की पाइपो के लीकेज की समस्या तत्काल दूर की जा रही है। प्रर्वतन दल के माध्यम से प्रतिदिन अभियान चलाकर प्रतिबन्धित पालीथीन से निर्मित वस्तुओ को सीज करने तथा जुर्माना लगाने का कार्य भी किया जा रहा है ध्वनि विस्तारण के माध्यम से नियिमत रूप से हाथ धोने,मास्क लगाने,दो गज की दूरी रखने तथा संक्रमण के बचाव का उपाय बताते हुये लोगो को जागरूक किया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम के सभी अधिकारियो/कर्मचारियो को निर्देशित किया कि शहर स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक नाले/नालियों की सफाई कार्ययोजना के अनुसार सुनिश्चित करें। इस अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 14.07.2020 को जलालनगर, नोटीफाइड ऐरिया रोजा हॉस्पिटल, अलीजई, नवादा इन्देपुर में सफाई का कार्य एवं कूड़ा उठाने तथा दवा का छिड़काव कराया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियो को वार्डवार पर्यवेक्षण का दायित्व दिया गया है,जिनके द्वारा सुबह से ही सफाई कर्मचारियो के साथ अपने आवंटित मोहल्लो की सफाई करायी जा रही है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत नागरिको को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु पाइप लाइनो की टूट–फूट की मरम्म्त एवं जल रिसाव वाले स्थानो को चिन्हित करते हुये उनकी मरम्मत कराने एवं समय–समय पर जल शुद्धीकरण के लिये दवाओ का प्रयोग किये जाने हेतु महाप्रबन्धक (जल) को निर्देश दिये गये है। नगर आयुक्त महोदय वातावरणीय तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के उपायो के अन्तर्गत खुले में शौच न करने शुद्ध पेयजल के प्रयोग तथा मच्छरो की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान संचालित करने हेतु नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया साथ ही सामुदायिक शौचालय,पब्लिक टॉयलेट आदि की समुचित सफाई एवं रख रखाव सुनिश्चित करने के लिये नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त सेनेटाईजेशन एवं फागिंग का कार्य कचहरी, जज साहब का बंगला,अशोक बिहार कॉलोनी,सैनिक कॉलोनी,दिलाजाक,रामनगर कॉलोनी,पक्के पुल से सराय कॉइया तक, तारीन गाडीपुरा, रेयान स्कूल,गौहरपुरा,बाबूजई,मोहम्मदजई, अजीजगंज रैन बसेरा, पालिटेक्निक कॉलेज,मुमुक्षु आश्रम, बी0एस0 पब्लिक स्कूल,बच्चा जेल आदि में कराया गया। इस अभियान को सफल बनाने हेतु नगर निगम द्वारा अपने सभी संसाधनो का उपयोग किया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा शहर के चिन्हित कंटेनमेन्ट जोन में निरन्तर साफ–सफाई, सेनेटाईजेशन,फागिंग एवं दवा छिड़काव करते हुये, जारी दिशा निर्देशों के अनुसार कार्यवाही करायी जाये। नगर आयुक्त महोदय द्वारा सभी नोडल अधिकारियो/कर्मचारी को निर्देशित कि अपने आवंटित वार्ड की सफाई कार्य में अपनी सुरक्षा हेतु हाथ धोने,सेनेटाइजेंशन और 02 गज दूरी बनाये रखे।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहाँपुर।
14/7/2020

Generated by CamScanner